हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, 6 मई 2025

11 पुलिस ने विद्यार्थियों को बताए नियम



12 दिल्ली-गुरुग्राम में जीते बीआरजी के धावक



## खबर संक्षेप

### स्वप्रिल रविंद्र पाटिल जिले के नए उपायुक्त होंगे

**झज्जर/बहादुरगढ़।** सरकार ने आईएएस अधिकारी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल को झज्जर का नया उपायुक्त नियुक्त किया है। सोमवार देर शाम सरकार ने छह आईएएस अधिकारियों के ट्रांसफर कर दिए। अभी तक उपायुक्त का कार्यभार संभाल रहे प्रदीप दहिया को गुरुग्राम नगर निगम का कमिश्नर बनाया गया है।

### पंजाब के खिलाफ इनेलो का प्रदर्शन कल

**झज्जर/बहादुरगढ़।** पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा में पानी की कटौती किए जाने के विरोध में बुधवार को इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा शहर में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। महिला जिलाध्यक्ष सुमन कबलाना व कार्यालय सचिव पवन धनखड़ ने बताया कि प्रदर्शन के बाद डीसी कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रातः दस बजे शुरू होने वाले इस प्रदर्शन का नेतृत्व सुनैना चौटाला व शीला राठी द्वारा किया जाएगा।

### महाविद्यालय में पूर्व छात्र मिलन समारोह आठ को

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में आठ मई को पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में होने वाला यह समारोह प्रातः दस बजे शुरू होगा।

### अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, केस

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि मेला ग्राउंड नजदीक में जिम की तरफ एक व्यक्ति खड़ा था। शक के आधार पर काबू करके उसकी तलाशी ली गई तो उससे एक अवैध पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की पहचान मनखुश निवासी बहादुरगढ़ के तौर पर की गई। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### कानोंदा माता मंदिर में भंडारा कल

**बहादुरगढ़।** गांव कानोंदा में पाथरी वाली माता मंदिर में बुधवार 7 मई को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अनिल वाल्मीकि ने बताया कि ग्रामवासियों के सहयोग से बस स्टैंड के नजदीक स्थित पाथरी वाली माता मंदिर में बुधवार 7 मई को सुबह 9 बजे हवन होगा और 11 बजे से माता की इच्छा तक विशाल भंडारा चलेगा।

### रास्ता रोककर महिला पर हमला, केस

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के शंकर गार्डन में एक महिला के साथ रास्ता रोककर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। वारदात देव आहुति के साथ हुई है। महिला का कहना है कि शाम करीब सात बजे वह अपने बेटे को पार्क से घर लेकर जा रही थी। जब गली नंबर तीन में पहुंची तो एक स्कूटी सवार महिला ने उससे मारपीट कर सिर में रॉड मारी। आरोपी महिला शंकर गार्डन की रहने वाली है।

# केमिकल व खेल उपकरणों के गोदाम में लगी भीषण आग

**रोहद में ताइवानी केमिकल कंपनी नान पाओ तथा ग्रो किड्स के गोदामों में आग लगाने से नुकसान, दमकल विभाग की 12 गाड़ियों ने मशक्कत के बाद काबू पाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ सुबह दस बजे के आसपास धमाके साथ आग लगी

गांव रोहद में स्थित ताइवानी कंपनी के केमिकल के गोदाम में भीषण आग लग गई। हवा के साथ आग तेजी से फैली और साथ लगते खेल उपकरण से भरे गोदाम को भी चपेट में ले लिया। दोनों गोदामों में भीषण आग से काफी सामान जलकर राख हो गया। शेड, भवनों को भी नुकसान पहुंचा है। रोहतक, झज्जर, बहादुरगढ़ की दर्जनभर से अधिक गाड़ियों के सहारे दमकल कर्मी आगे बुझाने में जुटे थे। देर शाम तक आग पूरी तरह से नहीं बुझ सकी थी। केमिकल गोदाम में ब्लास्ट के बाद आग लगने की बात सामने आई है। हालांकि असल सच्चाई जांच के बाद ही सामने आ पाएगी। घटना सुबह करीब दस बजे की है। दरअसल, ताइवान की नामी कंपनी नान-पाओ रेजिंस प्राइवेट लिमिटेड का यहां बहादुरगढ़ के रोहद गांव में केमिकल गोदाम है। इस केमिकल से फुटवियर में इस्तेमाल किए जाने वाला ग्लू सहित अन्य सामान बनाया जाता है। जबकि हेड आफिस महाराष्ट्र में है। जानकारी के अनुसार, सुबह इस गोदाम में दो ही कर्मचारी थे।

अचानक ब्लास्ट हो गया और आग लग गई। ज्वलनशील पदार्थ होने तथा तेज हवा चलने से आग फैलती गई और देखते ही देखते काफी हिस्से को चपेट में ले लिया। इतना ही नहीं, साथ लगती प्ले ग्रो (ग्रो किड्स) के गोदाम में भी जा पहुंची। इस गोदाम में बच्चों के झूले सहित अन्य खेल संसाधन से जुड़े उपकरण भरे हुए थे। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची।



बहादुरगढ़। आग लगने से उठता काला धुआं।



बहादुरगढ़। आग बुझाने में जुटे दमकलकर्मी।



बहादुरगढ़। आग बुझाने के लिए गोदाम में पहुंची दमकल गाड़ियां।



बहादुरगढ़। गोदाम से निकाला गया कुछ सामान।

**बाढ़सा, सांपला, बेरी व हिंदुस्तान प्लांट से बुलानी पड़ी दमकल गाड़ियां**

बहादुरगढ़ की गाड़ियां कम पड़ी तो बाढ़सा, सांपला, बेरी व हिंदुस्तान प्लांट से दमकल गाड़ी बुलानी पड़ी। आग पर नियंत्रण पाने में दमकल कर्मियों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही थी। केमिकल और प्लास्टिक जलने से आसमान में काले धुएं की घटा छा गई। दूर दूर तक काला धुआं नजर आ रहा था। आग के चलते दोनों गोदामों में काफी नुकसान हुआ है। माल तो जला ही, शेड भी गिर गया। भवन की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। दमकल अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल आग पर बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# चोरों ने मांडोठी बाजार में उखाड़ी एटीएम, केस

■ कैश बॉक्स नहीं खोल पाए बदमाश



बहादुरगढ़। चोरों द्वारा क्षतिग्रस्त की गई एटीएम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में आपराधिक वारदात तेजी से बढ़ रही हैं। अब यहां रविवार रात को मांडोठी बाजार में स्थित एक एटीएम को निशाना बनाया गया। बदमाशों ने लूट के मकसद से एटीएम तोड़ दी लेकिन कैश बॉक्स न खुलने से अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। सिटी पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। वारदात मांडोठी बाजार में गांधी चौक के पास हुई है। दरअसल, यहां हिताची कंपनी का एक एटीएम है। इस बूथ में सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था नहीं है। आमतौर पर रात के वक्त यह बंद रहता है लेकिन बीती रात को इसका शटर खुला था। इसी बात का फायदा बदमाशों ने उठाया और इसे निशाना बना लिया। चोरों ने रुपये निकालने के लिए जमकर तोड़फोड़ की और पूरी मशीन उखाड़ दी लेकिन कैश बॉक्स नहीं खोल पाए। सोमवार की सुबह इस वारदात का पता चला तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एटीएम




मालिक के बयान लिए गए। मशीन में कितना कैश था ये अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन कैश बॉक्स न खुलने से बचाव हो गया। बूथ में कैमरे की व्यवस्था नहीं है। लिहाजा पुलिस आसपास लगे कैमरों की फुटेज चेक करेगी, तभी शातिरों के बारे में कोई सुराग लग सकता है। बता दें कि बहादुरगढ़ में लगातार वारदात हो रही हैं। कहीं चोरी हो रही है तो कहीं छीना झपटी हो रही है। शनिवार की रात को ही इस एटीएम बूथ से कुछ दूरी पर किला मोहल्ला में पांच गाड़ियों के शीशे तोड़े गए थे। वहीं चंद दिनों पहले मांडोठी बाजार में स्थित एक मकान से तीन लाख कैश और आभूषणों की चोरी हुई थी।

# सीएम तक पहुंचा हेल्थ वर्कर्स का विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

आशा वर्कर रामभतेरी के साथ एएनएम द्वारा दुर्व्यवहार करने का मामला अब सीएम दरबार में पहुंच गया है। दिल्ली के हरियाणा भवन में ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी की अगुवाई में आशा वर्करों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। आशा वर्कर रामभतेरी ने एएनएम द्वारा बेवजह परेशान कर मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने की शिकायत की। इतना ही नहीं विभाग के अधिकारियों द्वारा शिकायत वापिस लेने का दबाव बनाने के बारे में बताया।

इसके अलावा काम से हटाने की धमकी देने की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी। सीएम ने इस मामले में कड़ी व उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने स्टॉफ व आमजन के प्रति अच्छा व्यवहार करें। आशा वर्कर किरण, प्रवेश, सुदेश, मीनाक्षी, सीमा, नीलम, निशा, स्नेहलता, कल्पना, रेणू बाला, उर्मिला, अनीता, गीता, सुमन, सविता, अश्विना, कुसुम, सोनिया आदि भी इस मौके पर मौजूद रही।



बहादुरगढ़। सीएम को मामले की जानकारी देती आशा वर्कर्स।

## वाहन ने बाइक पर जा रहे चाचा-भतीजी को टक्कर मारी, घायल

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सुबाना में तेज रफ्तार वाहन ने मोटरसाइकिल पर पानी भर ला रहे चाचा-भतीजी को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में सुबाना निवासी वरुण ने बताया कि वह रविवार की शाम करीब आठ बजे अपनी भतीजी राखी के साथ मोटरसाइकिल पर गांव के बाहर सड़क किनारे लगे हैंडपंप से पानी भरने गया था। जब वे पानी भरकर वापिस लौट रहे थे तो पीछ से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार कर घायल कर दिया। इस घटना में जहां उसकी भतीजी को हल्की चोट लगी वहीं उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर वाहन चालक पर केस दर्ज किया है।

# रूडियावास में महिला का शव मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

■ हत्या कर शव फेंकने की आशंका
■ पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा, केस



क्षेत्र के गांव रूडियावास में रविवार सांय उस समय सनसनी फैल गई। जब गांव में एक अज्ञात युवती का शव पड़ा हुआ मिला। देखते ही देखते काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए शव को नागरिक अस्पताल भिजवाया।

### बहू की रहने वाली थी

युवती के गले में चुन्नी लिपटी हुई थी। प्रारभिंक तौर पर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि किसी ने हत्या करके युवती को फैंक दिया है। बाद में मृतका की शिनाख्त जिले के गांव बहू निवासी करीब तीस वर्षीया रेखा पत्नी रवि के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार रेखा झाड़ली गांव स्थित प्लांट में साफ-सफाई का कार्य करती थी।

रविवार की सुबह भी आठ बजे अपनी ड्यूटी पर निकली थी। शाम करीब पांच रूडियावास गांव में उसका शव मिला। पुलिस द्वारा चौकीदार की शिकायत पर पहले ही मामला दर्ज कर लिया गया था। ऐसे में शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे आगामी 72 घंटों के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया था।

पहचान होने के बाद पुलिस द्वारा शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# किला कॉलोनी में लाखों की नकदी सहित गुल्लक चोरी



**झज्जर।** शहर की किला कालोनी स्थित एक मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। कालोनी निवासी दिनेश रोहिल्ला को जब चोरी का पता चला तो उसने इसकी सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दिनेश से मामले की जानकारी ली। दिनेश रोहिल्ला ने बताया कि वह किराए के मकान में रहता है। उसने अपने कमरे में एक गुल्लक रखा हुआ है जिसमें वह एमरजेंसी के लिए रुपये डालता रहता है। सोमवार को देखा कि उसके कमरे में रखा गुल्लक चोरी हो गया। वह उस गुल्लक को करीब डेढ़ वर्ष पहले लेकर आया था। तभी से नियमित रुपये जमा करता आ रहा था। अनुमान के अनुसार उसमें करीब डेढ़ से पौने दो लाख रुपये की नकदी थी।

# पूर्व विधायक हरिराम वाल्मीकि का निधन



**झज्जर।** सोमवार सुबह पूर्व विधायक हरिराम वाल्मीकि का निधन हो गया। हरिराम वाल्मीकि 76 वर्ष के थे। परिजनों ने बताया कि हरिराम वाल्मीकि पिछले कुछ दिनों बीमार चल रहे थे। पूर्व विधायक का जन्म अगस्त 1949 में हुआ था। वर्ष 1980 में कांग्रेस के एक कार्यकर्ता के रूप में अपनी राजनीति शुरू की। हरिराम वाल्मीकि कांग्रेस पार्टी से वर्ष 2005 में विधायक बने थे। हरिराम वाल्मीकि 2005 से 2009 तक झज्जर आरक्षित सीट से कांग्रेस के विधायक रहे। हरिराम वाल्मीकि 360 वाल्मीकि खाप के प्रधान भी रहे। पूर्व विधायक हरिराम वाल्मीकि के निधन पर पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधायक गीता भुक्कल, बादली से पूर्व विधायक नरेश प्रधान सहित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया। उनका अंतिम संस्कार रेवाड़ी रोड स्थित श्मशान घाट में किया गया। कई संगठनों ने भी उनके निधन पर शोक जताया।

# पंजाब से अपने हिस्से का पानी हर हाल में लेकर रहेगा हरियाणा : किरण चौधरी

**केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर लगे रक्तदान शिविर में पहुंचीं थी सांसद**

■ पंजाब में घोर भ्रष्टाचार, जनता दिल्ली की तरह करेगी सत्ता से बाहर : सांसद

**झज्जर।** सोमवार को हरियाणा के पूर्व सीएम एवं केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक अत्तर सिंह यादव के कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए रक्तदाताओं का उत्साहवर्द्धन किया। बाद में पत्रकारों से रूबरू होते हुए किरण चौधरी ने कहा कि पंजाब में घोर भ्रष्टाचार हो रहा है और अगले चुनाव में जनता दिल्ली की तरह पंजाब से भी बाहर निकालेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा पंजाब से अपने हिस्से का पानी लेकर रहेगा।



### बिना पर्ची-खर्ची दी नौकरियां : यादव

वहीं रक्तदान शिविर के आयोजक अत्तर सिंह यादव ने कहा कि मनोहर लाल ने प्रदेश की राजनीति के मायने बदले हैं और बिना पर्ची-खर्ची व भेदभाव के नौकरियों व तबादलों का जो सिस्टम शुरू किया है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन महिपाल, सोमवती जाखड़, केशव सिंगल, मनीष नंबरदार, एडवोकेट रामफल सैनी, प्रोफेसर कुलताज, नगर पार्षद जयपाल सिंह, पार्षद मिथुन शर्मा, बिट्टू छाबड़ा, राजेश धनखड़, मनोज जांगड़ा, राजल नौगांवा सहित अन्य मौजूद रहे।

# दिनभर बदलता रहा मौसम का मिजाज

**झज्जर।** सोमवार को दिनभर मौसम का मिजाज बदलता रहा। कभी आसमान में तेज हवाओं के साथ बादल छाए रहे तो कभी धूप निकलती रही। जिसके कारण दिनभर आढ़ती चिंतित दिखाई दिए। मौसम विभाग के अलर्ट के कारण दिनभर आढ़ती भी पूरी तैयारियों के साथ रहे। अनाज मंडी परिसर में लगातार तीसरे दिन भी श्रमिक व आढ़ती भीगे गेहूं और सरसों को फैलाते हुए दिखाई दिए।

### उठान में तेजी लाने के निर्देश

वहीं डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि अनाज मंडियों से खरीदे हुए अनाज के उठान का कार्य भी खरीद एजेंसियों द्वारा तेजी से किया जा रहा है। अब तक 96 प्रतिशत सरसों और 87 प्रतिशत गेहूं उपज का उठान हो चुका है। उन्होंने बताया कि अनाज मंडियों एवं खरीद केंद्रों में एक लाख 83 हजार 829 एमटी गेहूं की खरीद की गई है और अब तक एक लाख 96 हजार 990 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। जबकि एक लाख 59 हजार 61 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है। इसके अलावा 33 हजार 876 एमटी सरसों खरीद की जा चुकी है और 35 हजार 94 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज हो चुकी है। वहीं 32 हजार 750 मीट्रिक टन सरसों का उठान हो चुका है।

## आढ़ती रहे परेशान, श्रमिक जुटे



हरिभूमि
# सहेली



मां एक शब्द भर नहीं है, एक एहसास है, इसे बयां करना आसान नहीं है। मां किसी भी युग की हो, उसने अपने मूल स्वभाव ममत्व को कभी नहीं बदला। हां, समय के बदलाव के साथ अपने आपको इस तरह जरूर बदला कि उसके बच्चों की परवरिश ऐसी हो कि वे जमाने के साथ कदमताल करें, उनका भविष्य उज्ज्वल हो। इस बदले दौर में मां की महिमा और ज्यादा बढ़ चुकी है।

# आज की मां

कवर स्टोरी

अलका सोनी

हमारे लिए मां-पिता दोनों ही समान रूप से आदर के पात्र हैं, लेकिन मां जननी होती है तो उसका दर्जा थोड़ा ऊंचा हो जाता है। मां शब्द भले ही एक अक्षर का है पर इसमें सारी सृष्टि समाहित है। बचपन से लेकर युवावस्था तक या कहें जब तक मां का साया हमारे ऊपर है, हमारा हाथ थामे रहती है, हमारा बहुत बड़ा संबल होती है। मां को कभी अपनी चिंता नहीं होती, उसे अपने बच्चों की चिंता रहती है। उनकी खुशी में ही उसकी खुशी है।

**बदलते युग में मां का सजग रूप:** युग कोई हो, मां की ममता, उसके व्यवहार, भावनाओं और प्रेमभाव में कभी कोई परिवर्तन नहीं आया। अगर कुछ दशक पहले की बात करें, जब प्रायः मां शिक्षित नहीं होती थी, लेकिन अपने लालन-पानल में कोई कसर नहीं छोड़ती थी। आज की अधिकतर मां जब शिक्षित है, उसका देखने-समझने का नजरिया बदला है, व्यापक हुआ है। अब वह बच्चे के बीमार पड़ने पर उसकी नजर उतारने के साथ ही डॉक्टर को भी दिखाती है। अगर हम कहें कि आज मां की भूमिका पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण और चुनौती भरी हो गई है तो गलत नहीं होगा।

**आज भी केंद्रीय भूमिका में है:** समय के साथ मां के रूप और जिम्मेदारियों में बदलाव आया है, लेकिन मां की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण और केंद्रीय है, जैसे पहले थी। वह सिर्फ शिक्षित ही नहीं हुई है, जागरूक भी हुई है। आज की मां जानती है कि बच्चे की परवरिश केवल खान-पान और पढ़ने-पढ़ाने तक सीमित नहीं है। वह बच्चों में बुद्धिमत्ता, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाना जरूरी समझती है। पहले की मांएं अनुभव के सहारे चलती थीं, आज की शिक्षित मांएं, अनुभव के साथ-साथ नए रिसर्च और डिजिटल संसाधनों का भी सहारा लेती हैं। वे टेक्नोलॉजी के इस युग में इंटरनेट से लेकर एप्स तक, ऑनलाइन लर्निंग से लेकर सोशल मीडिया तक, हर संसाधन से परिचित रहना चाहती हैं ताकि बच्चे की परवरिश में कोई कमी न रह जाए। उनका बच्चा बदले जमाने में कहीं पीछे न रह जाए। आज की मां जानती है बच्चों को डिजिटल दुनिया से वाफिक कराना कितना जरूरी है। पढ़ी-लिखी होने के कारण वह इसका महत्व समझती है। आधुनिक मांएं नई पीढ़ी के व्यक्तित्व निर्माण में अपनी बहुत ही बड़ी भूमिका निभा रही हैं।

**परवरिश का बदला स्वरूप**

पहले की मांओं का परवरिश में बच्चों पर अनुशासन और परंपरा का अधिक जोर होता था, लेकिन आज की मांएं सिर्फ अपनी ही नहीं चलातीं। अपने बच्चों की भी सुनती हैं। वे अपने बच्चे के सवालों को दबाती नहीं, उन्हें सुनती हैं। वे अपने बच्चे के हर 'क्यों' का जवाब देती हैं। नए दौर की मांएं अपने बच्चों से संवाद रखना जरूरी समझती हैं। उन्हें डराने-धमकाने की जगह शांति से उनकी मन की उलझनों को दूर करती हैं। साथ ही अपने बच्चों को भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करती हैं, मजबूत बनाती हैं।



**मल्टीटास्किंग की मिसाल:** आज की अधिकांश मांएं घर के साथ-साथ ऑफिस की भी जिम्मेदारी निभा रही हैं। वे मल्टीटास्किंग की मिसाल हैं। सुबह ऑफिस के लिए स्वयं भी तैयार होती हैं। बच्चों का टिफिन बनाती हैं, मीटिंग्स अटेंड करती हैं फिर बच्चों की ऑनलाइन क्लास, होमवर्क और उनकी भावनात्मक जरूरतों का भी ध्यान रखती हैं। इसके साथ ही घर के बाकी कामों के बीच भी सामंजस्य बनाए रखती हैं। ये सब देख बच्चों में भी सामंजस्य की क्षमता का विकास होता है। बेशक यह काम आसान नहीं है, लेकिन उनका यह अंदाज बताता है कि आज की मांएं अपनी प्राथमिकताओं और समय प्रबंधन की अच्छी समझ रखती हैं। वे थकती हैं लेकिन हताश-निराश नहीं होतीं।

**समझती हैं बच्चों के मनोभाव:** आज की मां अपने बच्चों के मनोभावों को अच्छी तरह समझती है। वह बच्चों को भावनाएं छिपाने की बजाय व्यक्त करने के लिए प्रेरित करती है। पहले 'लड़के रोते नहीं' जैसी बातों को सामान्य माना जाता था, अब मां सिखाती है कि भावनाओं का इजहार जरूरी है, यह कोई कमजोरी नहीं है। वे बेटे और बेटियों दोनों की परवरिश समान रूप से करती हैं। बच्चे की हर छोटी-बड़ी बात को गंभीरता से लेती हैं, उसे सुनती हैं, जरूरत के अनुसार समझती हैं। यह बच्चों की परवरिश का ऐसा अंदाज है, जो उन्हें भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है।

**समानता की पक्षधर:** आज की शिक्षित मां लैंगिक समानता की पक्षधर है। वह बेटी को भी वही अवसर देती है, जो बेटे को मिलते हैं। फिर चाहे वह पढ़ाई से जुड़े अवसर हों या पोषण से जुड़े। वह बेटे को बताती है कि घर का काम सिर्फ लड़कियों का नहीं, लड़कों का भी है। साथ ही उनके मन में लड़कियों के प्रति सम्मान



की भावना जगाती है। वह बेटियों को स्वाभिमान और आत्मनिर्भर होकर जीना सिखाती है। साथ ही आज की मां अपने बच्चे को सच्चाई, ईमानदारी, करुणा और जिम्मेदारी जैसे गुणों की भी सीख देती है। वह जानती है कि केवल डिग्रियां ही नहीं, अच्छे संस्कार भी सुखी और खुशहाल जीवन का आधार हैं।

**परिस्थितियों से खुद जूझना सिखाती है:** आज की मां यह समझती है कि हर समय बच्चे के सिर पर खड़े रहना उसे मजबूत नहीं बनाएगा। उसे थोड़ा आजादी देना भी जरूरी है ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो, आत्मनिर्भर बने। वह बच्चों को फैसले लेने देती है, उनसे गलती होने पर सीखने का अवसर देती है। बदली हुई परिस्थितियों को देखते हुए नए जमाने की मां बच्चों की एक ढाल बनकर तो रहती है, लेकिन बच्चों को परिस्थितियों से खुद जूझना भी सिखाती है।

**अपने वजूद को लेकर सजग:** आज की मां को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। करियर का दबाव, समाज की अपेक्षाएं और कभी-कभी अकेलेपन की पीड़ा। फिर भी वह मुस्कराती है, क्योंकि वह जानती है कि उसकी मुस्कान ही बच्चों की हिम्मत है। इन सबके बीच भी वह अपने वजूद को लेकर सजग रहती है। पहले मां अपनी इच्छाओं, शौकों और करियर को त्याग देती थीं। आज की मां जानती है, खुद का ख्याल रखना भी जरूरी है। तभी वह अपने बच्चों की अच्छे से परवरिश कर सकेगी। आज की मां योग करती है, किताबें पढ़ती है, यात्रा करती है, अपने लिए भी समय निकालना जरूरी समझती है।

आज की मां समय का तकाजा समझती है। अपने बच्चों के सपनों को पंख देती है, लेकिन उनके पैरों को जमीन से जोड़े भी रखती है। आज की मां सिर्फ एक मां नहीं, शिक्षक है, गाइड है और अच्छी दोस्त भी है। वह अपने बच्चों को सिर्फ जीना नहीं, एक सार्थक जीवन जीना सिखाती है। इस तरह मां ने समय के अनुरूप अपनी भूमिका बढ़ाकर समाज-परिवार में अपनी उपादेयता को नए आयाम दिए हैं। ❁

# मां को भी चाहिए आपका प्यार भरा साथ

याद कीजिए अपना बचपन, जब मां आपके लालन-पालन में दिन-रात एक किए रहती थीं। आपको जरा भी तकलीफ नहीं होने देती थीं। आपकी चिंता में उसे अपनी सुधि नहीं रहती थी। ऐसे प्यार भरे साथ और देखभाल की अब आपकी वृद्ध मां को जरूरत है, जो आपको करनी है। उनकी खुशी को अपनी खुशी समझना है।



केयरिंग

सरस्वती रमेश

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में बूढ़े मां-बाप या तो गांवों में अकेले छूट गए हैं या शहर में बेटे-बहू के साथ रहते हुए भी अकेलापन महसूस करते हैं। यह अकेलापन तब और ज्यादा दुखदायी हो जाता है, जब पिता, मां को अकेला छोड़ दुनिया से विदा हो जाते हैं। ऐसा नहीं है कि हम अपनी अकेली मां को समय नहीं दे सकते। तमाम व्यस्तता के बावजूद भी हम अपनी मां की देखभाल कर सकते हैं, उन्हें अपना प्यार देकर खुश रख सकते हैं। बस हमें कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।



**मां से जुड़ी रहें:** मां, उम्र के हर पड़ाव पर अपने बच्चों का हाथ थामे रखती है। उन्हें हर बुरी-अच्छी स्थिति में अपना प्यार-दुलार देकर एक भरोसा बनाए रखती है। लेकिन मां को भी वृद्धावस्था में अपने बच्चों के साथ की जरूरत होती है। उसका शरीर कमजोर हो चुका होता है। ऐसे में उसे अपने बच्चों का सहारा चाहिए होता है। इसलिए बड़े होने के बाद बच्चे रोज समय निकालकर अपनी मां के पास बैठें, उनसे बात करें। मां को महसूस कराएं कि वह अकेली नहीं हैं। ऐसे बिहेव से मां अपने मन की हर बात आपसे शेयर करेंगी। आप मां के खाने-पीने, दवा, एक्सरसाइज, मनोरंजन आदि का ख्याल रखें। अगर आप वर्किंग हैं तो घर पर उनकी समुचित देखभाल की व्यवस्था करके ऑफिस जाएं। ऑफिस आकर बीच-बीच में उन्हें फोन कर उनके स्वास्थ्य और जरूरतों के बारे में पूछती रहें। घर के फैसलों में मां की सलाह जरूर लें। उन्हें घर की हर बात से अवगत जरूर कराएं। उनके जीवन के अनुभव आपके बहुत काम आ सकते हैं। कोई सेलिब्रेशन हो तो उसमें मां को जरूर शामिल करें। इससे उन्हें खुशी मिलेगी।

**दूर रहकर भी रखें उनका ध्यान:** आज जो बच्चे बड़े होने पर मां से दूर रहते हैं, वे मोबाइल की मदद से भी अपनी मां की देखभाल कर सकते हैं। विदेश या दूर शहरों में रहने वाले अनेक लोग अपनी मां की जरूरत और पसंद का हर सामान ऑनलाइन बुक कर उनके पास पहुंचा देते हैं। यहां तक कि उनकी दवाइयां, डायपर आदि भी वो दूर बैठे-बैठे भेज देते हैं। वीडियो कॉल कर उनके करीब होने का एहसास दिलाते रहते हैं।

**मां को दें आत्मीय सलाह:** मां बनने के बाद महिलाओं का जीवन घर-परिवार और बच्चों की देखभाल करते बीतता है। बच्चों के आगे उन्हें अपना ख्याल रखने की भी फुर्सत नहीं मिलती। उम्र बढ़ने पर मां भुलक्कड़ और चिड़चिड़ी हो जाती हैं। ऐसे में मां को प्यार से समझाएं, ताकि उनका गुस्सा और चिड़चिड़ापन कम हो। मां की जरूरत की चीजों को सही जगह पर रखकर, समय पर उपलब्ध कराकर उनके दिमाग को शांत रखें। अगर मां कभी कोई गलती कर रही हैं तो उन्हें प्यार और समझदारी भरी सलाह दें।

**मदर्स-डे पर मां को स्पेशल फील कराएं:** मदर्स-डे के बहाने ही सही, अपनी मां को आउटिंग पर ले जाएं। आप किसी प्राकृतिक सौंदर्य वाली जगह या हिस्टोरिकल प्लेस पर ले जा सकती हैं। अच्छा हो मां से ही पूछ लें कि वह कहां जाना पसंद करेंगी। याद रखें, बूढ़े होने पर इच्छाएं बूढ़ी नहीं होतीं। इसलिए अपनी वृद्ध मां को खुशियों के पल बिताने का मौका जरूर दीजिए, इससे उनका अकेलापन दूर होगा, वह मानसिक रूप से स्वस्थ-प्रसन्न रहेंगी। ❁



अगर आपकी मम्मीं अपनी स्किन केयर पर ज्यादा ध्यान नहीं देती हैं। तो आप उन्हें यहां बताए जा रहे कुछ ईजी स्टेप्स फॉलो करवाएं। इससे बढ़ती उम्र में भी उनकी स्किन ग्लोइंग दिखेगी।

# 45 प्लस में भी ग्लो करेगी आपकी मदर की स्किन

केयर

सरिता गुप्ता

आमतौर पर 45 से 50 की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते महिलाएं अपने ड्रेस सेंस और लुक को लेकर ज्यादा कॉन्शस नहीं रहती हैं। लेकिन एक बेटी के तौर पर आप जरूर चाहेंगी कि आपकी मॉम अच्छी दिखें, उनके फेस पर ग्लो नजर आए। इसके लिए जब आप प्यार से अपनी मदर को स्किन केयर के लिए यहां दिए जा रहे सजेशंस के बारे में बताएंगी तो वे इन्हें जरूर फॉलो करेंगी। वैसे ही जैसे अल्का की बेटी आशी ने किया। एक दिन कॉलेज से आने के बाद आशी ने कहा, 'मम्मी आप इतनी प्यारी हो, लेकिन अपनी स्किन की केयर बिल्कुल नहीं करती हैं। इस उम्र में स्किन की केयर करना बहुत जरूरी है, नहीं तो आपकी स्किन पर रिंकल्स, झाइयां और डलनेस बढ़ती जाएगी।' अपनी बेटी की बात अलका को सही लगी। उसने अपनी स्किन केयर के लिए जो टिप्स फॉलो किए, इसके बारे में आप भी जानिए।

**सीरम:** मिड एज के बाद रात को सोते समय एंटी एजिंग सीरम का यूज जरूर करें। बढ़ती उम्र की महिलाओं को हमेशा रेटिनोइड बेस्ड सीरम ही लगाना चाहिए, क्योंकि इस उम्र में स्किन का कोलेजन कम होने लगता है और इसी वजह से चेहरे पर झुर्रियां पड़ने लगती हैं। ऐसे में, आपको अपनी स्किन टाइप के अनुसार एंटी एजिंग सीरम का यूज करना चाहिए। इसके यूज से झुर्रियां और फाइन लाइंस की समस्या भी धीरे-धीरे कम होने लगती है।

**सनस्क्रीन:** घर पर रहने वाली ज्यादातर महिलाएं सनस्क्रीन का यूज नहीं करती हैं। लेकिन एक्सपर्ट्स के अनुसार, बढ़ती उम्र में घर में रहते हुए भी सनस्क्रीन का यूज जरूर करना चाहिए। इससे मार्केटिंग के लिए या किसी भी काम से घर से बाहर निकलने पर स्किन को सूरज की अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाया जा सकता है, इससे दाग-धब्बों और टैनिंग की समस्या भी दूर हो जाती है।





**एलोवेरा:** फ्रेश एलोवेरा जैल, त्वचा को नमी प्रदान करता है और जवां बनाए रखता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स के कारण ये स्किन की ड्राईनेस को भी दूर करता है। साथ ही हाइड्रेट बनाए रखने में मदद करता है। अगर आप एलोवेरा जैल में विटामिन-सी कैप्सूल ऑयल को मिक्स करके रात को सोते समय चेहरे पर लगाएं तो फेस पर ग्लो बढ़ने लगता है।

**दही-हल्दी पैक:** दही और हल्दी में एजिंग के लक्षणों को कम करने और फाइन लाइंस की समस्या को दूर करने की क्षमता होती है। इसलिए इस फेस पैक को बढ़ती उम्र की महिलाओं को जरूर अप्लाई करना चाहिए। इस पैक को हफ्ते में एक या दो बार लगाने से स्किन लंबे समय तक यंग और ग्लोइंग बनी रहती है।

**पपाया पैक:** अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे और ब्लैक हेड्स जैसी समस्याएं हो रही हैं, तो आप पपीते का फेस पैक लगा सकती हैं। पपीते में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो स्किन को फ्री-रेडिकल्स से बचाते हैं। यह फेस पैक लगाने से चेहरे की झुर्रियां कम होती हैं और स्किन यंग बनी रहती है। 45 की उम्र के बाद इसे अप्लाई करना स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है।

**कच्चा दूध:** कच्चे दूध में विटामिन-ए होता है, जो स्किन को सही मात्रा में न्यूट्रिशन देने में मदद करता है। इसे लगाने से स्किन सॉफ्ट बनी रहती है। इसके रोज इस्तेमाल से चेहरे पर टाइटनेस बरकरार रहती है और स्किन स्मूद भी होती है। इसे आप अंडर आई पर भी आसानी से लगा सकती हैं, जिससे डार्क सर्कल भी कम होने लगते हैं। ❁

**(स्किन एक्सपर्ट राहुल जोशी से बातचीत पर आधारित)**

सजेशन

मानसी

# मॉम के लिए स्पेशल गिफ्ट

मां को अपने बच्चों से और बच्चों को अपनी मां से बेइंतहा प्यार होता है। मदर्स-डे आए तो बच्चे अपनी मां को जरूर कोई प्यारा-सा गिफ्ट देना चाहेंगे। उनकी यही कोशिश होगी अपनी मॉम को जो भी गिफ्ट दें, उन्हें पसंद जरूर आए। अच्छा गिफ्ट खरीदना आसान काम नहीं है, इसके लिए काफी सोचना पड़ता है कि पता नहीं मॉम को हमारा गिफ्ट पसंद आए या नहीं? हम आपको कुछ स्पेशल गिफ्ट आइटम्स सजेस्ट कर रहे हैं, आप इन्हें अपनी मॉम को प्रेजेंट कर सकती हैं। उन्हें आपका गिफ्ट जरूर पसंद आएगा।

**स्टाइलिश रिस्ट वॉच:** रिस्ट वॉच एक स्पेशल गिफ्ट आइटम है। आप जब अपनी मॉम को यह गिफ्ट देंगी और वह इसे अपनी कलाई पर बाधेंगी तो आपको जरूर याद करेंगी। आजकल तो बेहद स्टाइलिश रिस्ट वॉचेज मार्केट में अवेलेबल हैं, जैसे कि ब्रेसलेट स्टाइल में, जिसे आपकी मॉम अपनी किसी भी ड्रेस के साथ वियर कर सकती हैं। इनमें गोल्डन या सिल्वर टोन में अगर आप रिस्ट वॉच खरीदती हैं तो यह सभी तरह की ड्रेस पर सूट करेगी।



**रेडिमेड सूट या ड्रेस:** अगर आपकी मॉम को अलग-अलग ड्रेस वियर करने का शौक है तो उन्हें कोई सुंदर-सी ड्रेस गिफ्ट कर सकती हैं। आजकल मार्केट में रेडिमेड ड्रेस के ढेरों ऑप्शन हैं। अगर आपकी मॉम को सूट पहनना पसंद है तो आप उन्हें रेडिमेड सूट दे सकती हैं या फिर सूट का कोई सुंदर-सा फैब्रिक भी दे सकती हैं, जिसे वह अपनी पसंद के हिसाब से बनवा लेंगी।

**क्रिएटिव फोटो फ्रेम:** आपने देखा होगा कि आजकल फोटोज को अलग-अलग तरह से इस्तेमाल करके कुछ डेकोरेटिव आइटम्स क्रिएट किए जाते हैं। आप भी इसी तरह अपनी मॉम के साथ खुद की फोटो या पूरे परिवार की फोटोज का कोलाज फोटोफ्रेम क्रिएट करवा कर मॉम को गिफ्ट कर सकती हैं।

**आर्टिफिशियल ज्वेलरी:** किसी फैमिली फंक्शन में आपकी मॉम कुछ न कुछ डिफरेंट पहनना पसंद करती होंगी, तो आप उनकी मैचिंग की ज्वेलरी उन्हें गिफ्ट दे सकती हैं। जैसे कि गले का नेकलस या फिर हाथ की मैचिंग ज्वलेरी। जिससे उनका ऑल ओवर लुक डिफरेंट नजर आएगा।

**स्टाइलिश एसेसरीज :** एसेसरीज में अकसर मॉम को पर्स पसंद आते हैं। आप भी अपनी मॉम के लिए उनकी पसंद को ध्यान में रखते हुए कोई अलग तरह का पर्स गिफ्ट कर सकती हैं। पर्स ऐसा लें, जो मॉम की सभी ड्रेस पर सूट करे। पर्स के अलावा आप उन्हें बेल्ट या फिर हेयर एसेसरीज भी दे सकती हैं। ❁

मेडिकल एडवाइस

डॉ. रविंद्र गुप्ता

सीनियर कंसल्टेंट-मेडिसिन

सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बचपन से लेकर अब तक मम्मी आपकी सेहत का ख्याल रखती आ रही हैं। अब आपकी बारी है कि बढ़ती उम्र में उनकी जरूरतों को समझें, उनकी हेल्थ और फिटनेस को लेकर अवेयर रहें। अपनी मम्मी की हेल्थ केयर कैसे करें, आपके लिए यूजफुल एडवाइस।

# ऐसे करें मां की हेल्थ केयर वे रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

मिड एज के बाद मेनोपॉज स्टेज शुरू होने पर यानी पैंतालीस-पचास की उम्र में महिलाओं के शरीर में कई तरह के हॉर्मोन संबंधी बदलाव होते हैं। उनके शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर दिखाई देता है। इस एज में बदलावों से गुजर रही अपनी मां की देखभाल करना आपकी जिम्मेदारी है। इस दौरान आप अपनी मम्मी की सेहत का विशेष रूप से ध्यान रखें। आप उनके साथ बातचीत के लिए समय निकालें, साथ ही उनकी सेहत संबंधी समस्याओं और भावनात्मक जरूरतों को समझें।

**डॉक्टर से करें कंसल्ट:** उम्र के इस दौर में अधिकतर महिलाएं मेनोपॉज संबंधी शारीरिक या फिर भावनात्मक बदलाव का सामना कर रही होती हैं, ऐसे में उन्हें आपके इमोशनल सपोर्ट की भी जरूरत होती है। आप अपनी मम्मी से उनकी समस्याओं के बारे में खुलकर बात करें। इस दौरान महिलाओं को कई बार अनियमित पीरियड्स, हैवी ब्लीडिंग, हॉट फ्लैशेज (सर्दी के मौसम में भी शरीर का तापमान बढ़ना और पसीना आना) जैसे लक्षण नजर आएं, तो बिना देर किए उन्हें किसी स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास लेकर जाएं और डॉक्टर की बताई दवाएं खिलाने के साथ लाइफस्टाइल और डाइट में जरूरी बदलाव करवाएं। मेनोपॉज के बाद महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है। ये दोनों हार्मोन उनकी हड्डियों के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं, लेकिन इन दोनों हार्मोन की कमी से उनको ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्या हो सकती है।



**मेंटल हेल्थ का रखें ध्यान:** हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण ही मिडिलएज में महिलाओं में तनाव, उदासी, एंग्जाइटी जैसी कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के भी लक्षण नजर आते हैं। ऐसी स्थिति में आप अपनी मम्मी के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं, उन्हें उनकी रुचि से जुड़े कार्यों, जैसे म्यूजिक, डांस, पेंटिंग, बागवानी आदि में व्यस्त रहने के लिए प्रेरित करें। इस दौर में अनिद्रा संबंधी समस्या भी बहुत परेशान करती है, इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि आपकी मम्मी को रोजाना आठ घंटे की पर्याप्त नींद मिले। स्वस्थ रहने के लिए उन्हें रोजाना, योगाभ्यास, मेडिटेशन और ध्यान करने को प्रेरित करें।

**मेडिकल चेकअप है जरूरी:** मां का रेग्युलर मेडिकल चेकअप बहुत जरूरी है।

**मैमोग्राम:** 40-45 साल की उम्र के बाद ब्रेस्ट कैंसर की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए दो साल में एक बार मैमोग्राम करवाना जरूरी है।

**पैपस्मीयर-एचपीवी टेस्ट:** सर्वाइकल कैंसर या यूटेरस संबंधी बीमारियों का पता लगाने के लिए यह जांच करवाई जाती है। हर तीन साल के अंतराल पर यह जांच करवाएं।

**बोन डेंसिटी टेस्ट:** मेनोपॉज के बाद हड्डियां कमजोर होने का खतरा बढ़ता है, इसलिए अपनी मम्मी की ये जांच भी अवश्य कराएं।

**ब्लड प्रेशर-कोलेस्ट्रॉल:** बढ़ती उम्र में इन दोनों समस्याओं के बढ़ने की आशंका भी रहती है। इसलिए कोलेस्ट्रॉल की जांच के अलावा बीपी की भी जांच कराएं।

**ऐसी होनी चाहिए मां की डाइट:** मां की डाइट में मिल्क प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही, पनीर और छाछ को प्रमुखता से शामिल करें, लेकिन डॉक्टर की सलाह के बिना अपने मन से कैल्शियम का सप्लीमेंट न खिलाएं। आयरन की कमी से अकसर एनीमिया की समस्या होती है, इससे बचाव के लिए उनकी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियों, गाजर, चुकंदर, खजूर, सेब, अमरूद, गुड़, चना और मूंगफली को शामिल करें। ❁

**प्रस्तुति: विनीता**

## खबर संक्षेप

### तैराकी संघ ने हर जिले में लगाए रक्तदान शिविर

**बहादुरगढ़।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन पर हरियाणा तैराकी संघ ने भी रक्तदान कैंप लगाए। संघ के महासचिव अनिल खत्री ने सभी जिला यूनिटों को रक्तदान कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए थे। बहादुरगढ़ की चैंपियंस अकेडमी के तैराकों और कोच ने भी रक्तदान किया। खत्री ने बताया कि पूर्व सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व ने हरियाणा को नई ऊंचाई दी है। सीएम रहते हुए उन्होंने हरियाणा से भाई भतीजावाद को खत्म कर पूरे प्रदेश का समान विकास करवाया।

### समुचित जलापूर्ति की मांग दोहराई

**बहादुरगढ़।** शहर के वार्ड नंबर-24 में रहने वाले यशपाल हिंदुस्तानी के अनुसार पिछले दो दिनों से पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद है। जिससे वार्ड निवासी अत्यंत परेशान हैं। भीषण गर्मी में पीने के पानी से लेकर दैनिक कार्यों तक के लिए पानी की अनुपलब्धता गंभीर समस्या बन चुकी है। उन्होंने नियमित जल आपूर्ति बहाल करने की मांग दोहराई।



### लोगों को बताए जा रहे लोक अदालत के फायदे

**बेरी।** दस मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन झज्जर एवं बहादुरगढ़ न्यायिक परिसर में किया जाएगा। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव विशाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्राधिकरण की ओर से स्थानीय लघु सचिवालय परिसर में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। जिसके माध्यम से उपमंडल सचिवालय में आने जाने वाले लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक किया जा रहा है।



### शिविर में डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**झज्जर।** सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में डीसी प्रदीप दहिया ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्या के जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। शिविर में ग्रामीण विकास, पुलिस, सिंचाई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग आदि से जुड़ी कुल आठ शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से अधिकतर का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि शेष पर विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।



### डीपीएस स्कूल में छात्रों को सौंपी जिम्मेदारी

**बहादुरगढ़।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में सोमवार को इंवेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। छात्रों में नेतृत्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष यह समारोह आयोजित किया जाता है। स्कूल प्रबंधक प्रिया डागर व प्राचार्य नीरज द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम के दौरान हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन आदि के लिए चयनित छात्रों को बैज पहनाकर व ध्वज सौंपकर उन्हें उनके कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई।

### ढैंचा व मूंग का बीज नहीं मिलने से किसान परेशान

**बहादुरगढ़।** सरकारी बीज बिक्री केंद्रों पर फिलहाल सब्सिडी पर मिलने वाला ढैंचा और मूंग का बीज उपलब्ध नहीं हो पाया है। इस कारण किसानों को परेशानी हो रही है। दरअसल, जमीन की उपजाऊ शक्ति बढ़ाने में ढैंचा व मूंग कारगर है। ये प्राकृतिक हरे खाद का काम करती हैं। इससे अगली फसल में खाद की जरूरत कम पड़ती है।

# पर्यावरण प्रदूषण व बालिकाओं की शिक्षा पर दो वृत्तचित्र प्रस्तुत किए

## राजकीय महाविद्यालयमें द्वितीय एक दिवसीय शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- प्राचार्या सुमन हुड्डा ने बढ़ाया स्वयंसेवकों का उत्साह

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सोमवार को द्वितीय एक दिवसीय शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम चरण में पर्यावरण प्रदूषण एवं बालिकाओं की शिक्षा पर केंद्रित दो वृत्तचित्रों का प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात प्रो. अमित कुमार द्वारा व्यक्तित्व विकास पर प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। जिसने छात्रों में आत्मविश्लेषण और सुधार की भावना को प्रबल किया। प्राचार्या सुमन हुड्डा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम को जोगेंद्र सिंह व रचना ने कुशलतापूर्वक संचालित किया। इस अवसर पर कविता, सुनीता व पूनम ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।



**बहादुरगढ़।** विद्यार्थियों को जागरुक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार। फोटो : हरिभूमि

# पुलिस ने विद्यार्थियों को बताए नियम

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

- सड़क सुरक्षा सैल प्रभारी सतीश कुमार के नेतृत्व में आईडीटीआर की टीम ने किया जागरूक

सोमवार को एसआर सेंचुरी पब्लिक स्कूल सौलधा, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल लुक्सर और सीनियर सेकेंडरी स्कूल माजरी में जागरुकता कार्यक्रम हुए। सड़क सुरक्षा सैल प्रभारी सतीश कुमार के नेतृत्व में आईडीटीआर की टीम ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों, नशा के दुष्प्रभाव, खेलों में भाग लेने बारे व साइबर अपराध के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्हें फिल्म दिखाकर नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी दी। साइबर ठगी से बचने के तरीके समझाए। आईडीटीआर की टीम ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने अभभिावकों को भी यातायात नियमों के बारे में जानकारी दें ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।



**बहादुरगढ़।** राकेश जून का आभार व्यक्त करते उड़ान सेवा समिति के सदस्य।

# फुटबॉल ग्राउंड सुधारने को विधायक ने दिए पांच लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- नूना माजरा की उड़ान सेवा समिति ने एचएल सिटी के निदेशक का जताया आभार
- समिति के सफल संचालन के लिए एक ट्रैक्टर देने की घोषणा भी की

गांव नूना माजरा के फुटबॉल ग्राउंड में चारों तरफ लाइट लगवाने के लिए एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून ने उड़ान सेवा समिति को 5 लाख रुपए दिए। साथ ही समिति के सफल संचालन के लिए एक ट्रैक्टर देने की घोषणा भी की। समिति सदस्यों ने इसके लिए राकेश जून का आभार जताया।

दरअसल, समिति का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष अनिल जून के नेतृत्व में एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून से मिला। उनसे गांव के विकास के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। गांव के फुटबॉल ग्राउंड के चारों तरफ लाइट लगवाने के लिए राकेश जून ने 5 लाख रुपए की राशि समिति को सहयोग के रूप में दी। साथ ही समिति के कार्यों का सफल संचालन करने के लिए एक ट्रैक्टर देने की भी घोषणा राकेश जून दवारा की गई। बारहा के प्रधान मंजीत जून, दीपेंद्र जून, बलजीत सिंह, गजेंद्र सिंह, अशोक कुमार, कृष्ण कौशिक, प्रवीन जून व लोकेश जून आदि समिति सदस्यों ने राकेश जून का धन्यवाद किया। राकेश जून ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ता है। युवाओं को खेलों में रुचि लेनी चाहिए। उनकी पूरी कोशिश है कि युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ा जाए।

साथ ही उनमें खेलों के प्रति रुचि पैदा की जाए। गांवों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बल्कि उनकी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। हम उन्हें बेहतर मंच देंगे तो वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहादुरगढ़ का नाम रोशन करेंगे।

# नर्सिंग स्टॉफ ने की रात को डॉक्टरों की ड्यूटी लगाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**झज्जर।** सीएमओ डॉक्टर जयमाला को ज्ञापन सौंपते हुए नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

रस्थानीय नागरिक अस्पताल में इवनिंग व नाइट के दौरान डॉक्टरों की ड्यूटी लगाने की मांग को लेकर सोमवार को स्थानीय नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सोमवार को सीएमओ को ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिएशन की उपप्रधान कविता ने बताया कि सीएमओ डॉक्टर जयमाला को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि सभी सामान्य अस्पतालों में शाम व रात के समय चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई जाए। क्योंकि शाम व रात के समय अस्पतालों में नर्सिंग ऑफिसर की ड्यूटी होती है। रात के समय आई डिलीवरी को बगैर चिकित्सक के उन्हें ही हैंडल करना पड़ता है जबकि डिलीवरी रिकार्ड में वह डॉक्टरों के नाम लिखी जाती है जो गलत है। यदि जच्चा या बच्चा को कुछ हो जाने पर सारी बातें संबंधित नर्सिंग अधिकारी पर आन पड़ती है। ज्ञापन में कहा गया है कि महिलाओं की सुरक्षा व जनहित को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्या का समाधान किया जाए। इस मौके पर नर्सिंग अधिकारी ममता, प्रियंका कौशिक, गौरव, नवीन, रितू सहित अन्य भी उपस्थित रहे हैं।



**बहादुरगढ़।** अनिल स्वामी का स्वागत करते रामकंवार सैनी व संजय सैनी। फोटो : हरिभूमि

### अनिल स्वामी का किया स्वागत

**बहादुरगढ़।** बिहार में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त अनिल स्वामी प्रवासी विभाग के प्रभारी नियुक्त होने के बाद बहादुरगढ़ पहुंचे। भाजपा सुशासन विभाग के जिलाध्यक्ष रामकंवार सैनी व मंडल अध्यक्ष संजय सैनी ने छोटूराम नगर में स्थित कार्यालय में उनका स्वागत सम्मान किया। उन्होंने बताया कि 5 दिन के प्रवास के दौरान अनिल स्वामी यहां रहने वाले प्रवासियों को बिहार जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने प्रवासियों के योगदान को सराहते हुए उनके कर्तव्यों की जानकारी दी। उन्होंने पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश गोयल का भी स्वागत किया। इस अवसर पर मनीष, अवधेश, मोतीलाल, राम नयन, सुंदरलाल, त्रिभुवन, मनोज सिन्हा, लखेंद्र निषाद, धर्मेंद्र सैनी व दीपक सैनी आदि मौजूद रहे।

# जन कल्याण की योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाने को प्रशासन प्रतिबद्ध : डीसी

- डीसी प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारी बैठक में हुए शामिल



**झज्जर।** समारोह में वीसी के माध्यम से शामिल रोहतक मंडल आयुक्त पीसी मीणा व डीसी प्रदीप दहिया। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय वित्त सहायता वितरण समारोह का जिला स्तर पर लघु सचिवालय सभागार में लाइव प्रसारण किया गया। जिसमें रोहतक मंडल आयुक्त पीसी मीणा व डीसी प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भाषण वर्चुअल माध्यम से सुना। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0, दयालु योजना, आगजनी में फसलों के नुकसान मुआवजा व विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के पेंशन लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम के उपरांत डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से जिले में लागू किया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक जरूरतमंद पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचे।



**झज्जर।** विद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ उपस्थित होनहार खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल के दो खिलाड़ियों ने रविवार को बहादुरगढ़ में हुई ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने कहा कि तनिष्का व प्रवीर ने अपनी मेहनत व लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि छात्र अलग-अलग खेलों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर हमें गौरवान्वित कर रहे हैं। पहले बॉक्सर हेमंत सांगवान ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया और अब हमारे विद्यार्थी दूसरे खेलों में भी अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं। उन्होंने विजेताओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# वितरित किए प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगांर प्रशिक्षण संस्थान में प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 26 महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने के लिए ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण देकर उन्हें भारत सरकार के स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। संस्थान निदेशक उमेश भूकर गोरिया ने बताया कि इस दौरान जिला अग्रणी मुख्य प्रबंधक विजय कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को तभी सार्थक किया जा सकता है जब युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार शुरू करे। संस्थान में एक कुशल उद्यमी बनने के साथ-साथ एक क्रियाशील व्यवसाय स्थापित करने के भी गुण सिखाए जाते हैं। इस मौके पर संस्थान से कुसुम, आशीष शर्मा, शशी कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### परनाला में हुआ सब हेल्थ सेंटर का शिलान्यास



**बहादुरगढ़।** परनाला में पूर्व सीएम मनोहर लाल के जन्मदिन के मौके पर सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी की अगुवाई में सब हेल्थ सेंटर का शिलान्यास किया गया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर लड्डू बांटे और उनके दीर्घायु की कामना की। परनाला में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों की मौजूदगी में सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी ने सब हैल्थ सैंटर का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सरपंच मुकेश अशोक राठी, जगदीश एलावादी, मनदीप जेई, ठेकेदार मोहित गुलिया, जितेंद्र बामडौली, राजमल, सुखबीर, प्रमोद, तेजपाल, जितेंद्र मैंबर, सुखबीर, औमप्रकाश, नरेंद्र, सचिन, जोगी, श्याम सुंदर आदि मौजूद रहे।

### भाजपा अटल मंडल की कार्यकारिणी घोषित



**बहादुरगढ़।** भाजपा जिलाध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि ने अटल मंडल अध्यक्ष पंकज गर्ग के साथ मिलकर सोमवार को बहादुरगढ़ अटल मंडल की कार्यकारिणी घोषित की। नई कार्यकारिणी में नरेंद्र लोहचब, गौरव राठी, विशाल जेटली, सीमा पांचाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। बिजेंद्र पूनिया व प्रवीण सिंगला को महामंत्री, श्याम चरण, नरेंद्र भारद्वाज, रमेश कुमार, बबीता स्नेहा पंवार व सपना सैनी को सचिव बनाया गया। सीए प्रशांत गुप्ता को कोषाध्यक्ष, प्रमोद अग्रवाल को सह कोषाध्यक्ष, मोहित सिंह को मीडिया प्रभारी, हेमंत सिंह को सह मीडिया प्रभारी, जतिन बंसल को आईटी प्रमुख, संजय अग्रवाल को कार्यालय प्रभारी बनाया है। राजपाल जांगड़ा, संजीव सैनी, धर्मवीर वर्मा, हरिमोहन धाकरे, महेश कुमार, नरेश रोहिल्ला, अनिल सिंगल, कामिनी कायस्थ, ब्रह्म सिंह राणा विशेष आमंत्रित सदस्य हैं।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का 71वां जन्मदिन

# भाजपा कार्यालय में 51 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते दिनेश कौशिक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

सेक्टर-2 स्थित भाजपा कार्यालय में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का 71वां जन्मदिन मानवता की सेवा को ध्यान में रखते हुए रक्तदान शिविर लगाकर मनाया गया। शिविर में ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल के ब्लड की बैंक की टीम 51 यूनिट रक्त संचय किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष विकास बाल्मीकि ने शिरकत की। उन्होंने विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक के साथ रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया। भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया। दिनेश कौशिक ने कहा कि मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा के मुख्यमंत्री के तौर पर अभूतपूर्व सेवा की। इस अवसर पर प्रवासी प्रभारी अनिल स्वामी, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, ऋषि भारद्वाज, विनोद कौशिक आदि मौजूद रहे।

### विधायक के कैंप में 132 ने किया रक्तदान



**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का जन्मदिन रक्तदान शिविर लगाकर मनाया। आरजे हॉस्पिटल में आशीर्वाद ब्लड बैंक द्वारा 132 लोगों का रक्त संचय किया गया। विधायक ने सभी को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को जन्मदिन की बधाई देते हुए विधायक राजेश जून ने उनकी दीर्घायु की कामना की। जून ने कहा कि अब बतौर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर हरियाणा सहित पूरे भारतवर्ष में अपने मंत्रालय की नीतियों का लाभ आम जनता तक पहुंचा रहे हैं। विधायक ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर नरेश छिकारा, युवराज छिल्लर, सुनीता, भगत सिंह, दीपक छिकारा, मोहन स्वामी, बिजेंद्र धनखड़, राकेश छिकारा, कुलबीर, धर्मेंद्र, राजेश मोखरा, हेमंत, विनोद आदि मौजूद रहे।

### जन जागरण अभियान चलाने का लिया निर्णय



**झज्जर।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की जिला कमेटी की बैठक सोमवार को स्थानीय भगत सिंह चौक पर किसान नेता सरदारे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी ने बताया कि मीटिंग के दौरान कृषि मार्केटिंग के मसौदे को वापस लेने, सभी फसलों की एमएसपी की कानूनी गारंटी देने, राशन की सरकारी दुकान खोल कर तमाम ग्रामीण व शहरी गरीबों को सस्ते रेट पर राशन देने, मजदूर- किसानों को कर्ज मुक्त करने, बिजली संशोधन बिल 2023 व स्मार्ट मीटर स्कीम वापस लेने तथा कृषि तथा डेयरी उत्पादों पर फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से दूर हटाने आदि मांगों के समाधान के लिए घर-घर जाकर बड़े पैमाने पर जन जागरण अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया।

## खबर संक्षेप

### देव नगर में तीन गाड़ियों से उपकरण निकाले

**बहादुरगढ़।** गलियों में वाहन खड़ा करना हम सुरक्षित नहीं रहा। आए दिन कहीं वाहन चोरी हो रहे हैं तो कहीं क्षतिग्रस्त किए जा रहे हैं। अब यहां देव नगर में तीन वाहनों को चोरों ने निशाना बनाया। देव नगर के निवासी महेंद्र का कहना है कि वह पेशे से इलेक्ट्रिशियन है। उसने मकान के साथ लगते प्लॉट में अपनी गाड़ी खड़ी की थी। गाड़ी में ड्रिल मशीन, लाइट के अपडेटर आदि सामान था। सुबह देखा तो गाड़ी की एक खिड़की खुली हुई थी और सामान चोरी था। इसके अलावा कॉलोनी में ही सोमबीर व सागर की गाड़ियों से भी बैट्री चोरी हुई है। वहीं भगत सिंह कॉलोनी से एक स्कूटी चोरी हो गई।

### लेबर कांट्रेक्टर के साथ की मारपीट,केस

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव अकेहड़ी मदनपुर निवासी एक लेबर कांट्रेक्टर के साथ मारपीट गई है। पुलिस को दी शिकायत में हेमंत कुमार ने बताया कि वह निजी कंपनी में काम करता है उसकी कंपनी में झाड़ली गांव निवासी राजपाल भी लेबर कांट्रेक्टर है। जब वह बीती दो मई की रात करीब पौने दस लेबर की शिफ्ट लगाने गया था। इसके बाद करीब पौने एक बजे जब गाड़ी में वापिस लौट रहा था राजपाल ने अपनी गाड़ी आगे लगाकर उसका रास्ता रोक लिया। इसके बाद उसने अपने अन्य साथी के मिलकर उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसके दोस्त रमेश ने बीच-बचाव किया। बाद में उसे उपचार के लिए सीएचसी मातनहेल ले जाया गया।

### जलभराव के कारण शहरवासी हो रहे परेशान

# बरसात ने बिगाड़ी सड़कों की सूरत गड्ढों से वाहन चालक हो रहे चोटिल

शहरी क्षेत्र में पुराना बर्फखाना रोड, सिलानी गेट से दिल्ली गेट क्षेत्र, अग्रसेन चौक और बाहरी क्षेत्रों में सांपला मार्ग डायवर्सन चौक की हालत ज्यादा दयनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शहर की बदहाल सड़कों की हालत बारिश के कारण बद से बदतर हो चुकी है। जिसके कारण दुपहिया वाहन चालक गिर कर चोटिल हो रहे है। हालांकि यह स्थिति शहर के भीतर व बाहरी अधिकांश सड़कों की है। लेकिन शहरी क्षेत्र में पुराना बर्फखाना रोड, सिलानी गेट से दिल्ली गेट क्षेत्र, अग्रसेन चौक और बाहरी क्षेत्रों में सांपला मार्ग डायवर्सन चौक की हालत ज्यादा दयनीय है। लेकिन प्रशासनिक स्तर पर इन मार्गो को दुरूस्त करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। जिसके कारण लोगों में शासन_-प्रशासन के प्रति रोष भी बना हुआ है। इसके अलावा शहर के विभिन्न सरकारी भवनों के आसपास ही बरसाती पानी भरा है। महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम में जलभराव के कारण जहां खिलाड़ी अभ्यास करने से वंचित है, वहीं लघुसचिवालय परिसर के पास हुए जलभराव के कारण भी लोगों को काफी परेशानी हो रही है।





**झज्जर।** शहर के पुराना बर्फखाना मार्ग पर उखड़ी हुई सड़क। व लघुसचिवालय परिसर के पास क्षेत्र में हुआ जलभराव। फोटो : हरिभूमि

#### पुराना बर्फखाना रोड पर सड़क के ऊपर से एक लेयर ही उखड़ गई

बरसात के बाद हुए जलभराव ने सड़कों की सूरत बिगाड़ कर रख दी है। रात के समय तो इन सड़कों से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। शहर के सीताराम गेट, झज्जर-सांपला मार्ग पर डायवर्सन मार्ग पर जलभराव और गड्ढों से परेशानी हो रही है। वहीं पुराना बर्फखाना रोड पर सड़क के ऊपर से एक लेयर ही उखड़ गई है। जिसके कारण दुपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे है।

#### सड़कों का जल्द करवाया जाएगा सुधारीकरण

नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी का कहना है कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य चल रहे है। सड़कों व गलियों का निर्माण कार्य भी करवाया जा रहा है। जिन सड़कों की हालत खराब है, संबंधित विभागों के अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए जल्द ही सड़कों का सुधारीकरण करवा दिया जाएगा। प्रयास यहीं है कि आमजन को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो।



**बहादुरगढ़।** गुरुग्राम में जीत के बाद खुशी मनाते बीआरजी के धावक।

## दिल्ली-गुरुग्राम में जीते बीआरजी के धावक

- विहान 5 किलोमीटर दौड़ में अपने आयु वर्ग में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बीआरजी (बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप) के धावकों ने दिल्ली और गुरुग्राम में आयोजित दो प्रतिष्ठित मैराथन इवेंट्स में शानदार प्रदर्शन कर कई पुरस्कार जीते। गुरुग्राम में "रन फॉर एनवायरनमेंट–2025" तथा दिल्ली के रोहिणी में हुए "कम्पीट विद युअरसेल्फ–रोहिणी चैप्टर" में बीआरजी के धावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

रोहिणी में प्रवीन सांगवान, दीपक छिल्लर और नीरज छिल्लर को ब्रांड एम्बेसडर के रूप में सम्मानित किया गया। डॉ. किरण छिल्लर, रवीता विजयरन और अरुणा तोमर ने पेसर की भूमिका निभाई। आईएएस सोनल गोयल ने सभी को सम्मानित किया। दीपक छिल्लर ने बताया कि विहान ने 5 किलोमीटर दौड़ में अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सत्यवान डागर ने 5वां स्थान और रणबीर सांगवान ने 50 प्लस आयु वर्ग मे पहला स्थान हासिल किया।

#### परिणाम

गुरुग्राम में 21 किलोमीटर दौड़ में गुलाब सिंह ओवरऑल प्रथम स्थान पर रहे। ब्रह्मप्रकाश मान 55 प्लस आयु वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे। साढ़े 10 किलोमीटर दौड़ में धर्मवीर सैनी ने 45 से 55 आयु वर्ग में प्रथम स्थान पाया। कृष्णा राणा ने महिलाओं की 55 प्लस दौड़ में प्रथम स्थान व ओवरऑल तृतीय स्थान हासिल किया। पांच किलोमीटर दौड़ में संजू सैनी ने बालिका वर्ग में ओवरऑल प्रथम स्थान, रोहतास सैनी ने 45 से 55 आयु वर्ग में प्रथम स्थान, राजपाल ने 45 से 55 आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तीन किलोमीटर दौड़ में तेजस राज सिंह ने बालक वर्ग में ओवरऑल तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दस किलोमीटर दौड़ में धर्मवीर सैनी, बादल तेवतिया, रणबीर सांगवान, सुरेंद्र दलाल, सुदेश तोमर, किरण नरूला, अमृत कौर, सरिता दास, नवीन, राजेन्द्र पाल, राजेश, अरुण विजयराण, सन्नी राणा, सुमित राणा, तेजस, गौतम दलाल, अभिषेक माथुर, सुदेश और राजू ने भी बीआरजी का परचम लहराया।

## राष्ट्रीय मुक्केबाजी में कनिका व विवेक ने जीते मेडल




**झज्जर।** हाल ही में दिल्ली में संपन्न हुई स्कूल राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जिले के दो मुक्केबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते हैं। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि 30 अप्रैल से 5 मई तक चली इस प्रतियोगिता के उनके स्टेडियम के खिलाड़ी कनिका ने 80 किलोग्राम भारवर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता। कनिका को सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज के खिताब से भी नवाजा गया। इसके अलावा खिलाड़ी विवेक सांगवान ने रजत पदक हासिल करते हुए प्रोमिसिंग बॉक्सर का अवॉर्ड जीता। उन्होंने कहा इन दोनों मुक्केबाजों की मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी ही उनके शानदार प्रदर्शन का मूल कारण है। यह सफलता उनके अथक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है।

### राजस्थान, दिल्ली व हरियाणा में करते थे चोरी

## आरोपियों की निशानदेही पर पांच बाइक बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम को बड़ी सफलता मिली है। एवीटी ने हरियाणा, राजस्थान व दिल्ली में दो दर्जन से अधिक वाहन चोरी की वारदात करने वाले एक बदमाश को उसके दो साथियों सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी की गई पांच बाइक भी बरामद की गई हैं। तीनों आरोपी न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए हैं।

दरअसल, जाखोदा के निवासी पप्पूराम की 24 अप्रैल को एचएसआईआईडीसी की एक कंपनी के बाहर से बाइक चोरी हुई थी। इस संबंध में सेक्टर 16 चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, इस मामले में जांच करते हुए एंटी व्हीकल थेफ्ट और सेक्टर-16 ने सेक्टर-16 चौकी के क्षेत्र से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनकी निशानदेही पर पप्पूराम की चोरीशुदा बाइक सहित पांच बाइक बरामद हुई। जिनमें दो बाइक थाना सदर झज्जर और थाना सदर बहादुरगढ़ के क्षेत्र से चोरी होनी पाई गई। वहीं अन्य दो मोटरसाइकिल उन्होंने दिल्ली के क्षेत्र से चोरी की थी। चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ पकड़े गए आरोपियों की पहचान अयूब, महेंद्र और सोनू निवासी अलवर राजस्थान के तौर पर की गई।

## वाटर मैनेजमेंट पर फोकस करें

- अधीक्षक अभियंता अमित श्योकंद ने झज्जर परिमंडल कार्यालय में ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

गर्मी के मौसम को देखते हुए वाटर मैनेजमेंट पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। इसके लिए सभी अधिकारी व कर्मचारी रणनीति बनाकर काम करें। यह बात सोमवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता अमित श्योकंद ने झज्जर परिमंडल कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम और पानी की किल्लत को देखते हुए यह जरूरी है कि जल घरों में रॉ-वाटर की समुचित उपलब्धता हो और नहर में कच्चे पानी की आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में वैकल्पिक पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था रखी जाए। इसके लिए सैलो ट्यूबवेल व डीप ट्यूबवेल सहित अन्य विकल्प की व्यवस्था सुनिश्चित रखें। उन्होंने जल घर में तैनात कर्मचारियों को ड्यूटी में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायत देते हुए कहा कि यदि कोई कर्मचारी पेयजल सप्लाई को लेकर विभाग के निर्देशों की अनदेखी करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




**झज्जर।** बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसई अमित श्योकंद

### बुजुर्ग महिला को कार ने मारी टक्कर, मौत

**झज्जर।** बेरी अनाजमंडी में गेहूं की साफ-सफाई का कार्य करने के बाद घर लौट रही महिला को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हुई महिला ने रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस को दी शिकायत में भागलपुरी गांव निवासी तीर्थराम ने बताया कि रविवार की शाम करीब छह बजे करीब सत्तर वर्षीया उसकी मां गुलाबो बेरी-झज्जर रोड स्थित अनाज मंडी में गेहू की सफाई करने गई थी। करीब सवा छह बजे उसे सूचना मिली कि अनाजमंडी के गेट के पास उसकी मां का एक्सीडेंट हो गया। सूचना पाकर जब वह घटनास्थल पहुंचा तो उसे पता चला उसकी मां का एक्सीडेंट किसी कार द्वारा किया गया। इसके बाद वे अपनी मां को उपचार के लिए रोहतक के पीजीआई लेकर पहुंचे जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## संस्कारम् विवि को मिला बेस्ट इमजिंग अवार्ड

- सम्मान विवि के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर युवराज को प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

संस्कारम् विश्वविद्यालय को नॉर्थ इंडिया की बेस्ट इमर्जिंग यूनिवर्सिटी के खिताब से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान विश्वविद्यालय के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर युवराज को प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे द्वारा प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने बताया कि यह पुरस्कार केवल उन संस्थानों को प्रदान किया जाता है, जो नवाचार, गुणवत्ता, समर्पण और नैतिक मूल्यों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। संस्कारम् विश्वविद्यालय ने अल्प समय में ही शिक्षा, अनुसंधान, तकनीकों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों के कारण ही यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह सम्मान हमारे अथक परिश्रम, दूरदर्शिता और उस विश्वास का परिणाम है जो हमारे छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने संस्थान पर किया है। संस्कारम विश्वविद्यालय का उद्देश्य मात्र डिग्री प्रदान करना नहीं, अपितु ऐसे युवा तैयार करना है जो ज्ञान, संस्कृति, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में उदाहरण बनें। विश्वविद्यालय निरंतर आधुनिक शिक्षा प्रणाली, अनुसंधान, व्यावसायिक विकास एवं सांस्कृतिक मूल्यों के समन्वय के माध्यम से छात्रों को एक सशक्त, संवेदनशील एवं मूल्यनिष्ठ नागरिक के रूप में तैयार कर रहा है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की उस दूरदर्शी सोच का परिणाम है जिसमें शिक्षा को ज्ञान अर्जन के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण का भी साधन माना गया है।




**झज्जर।** विश्वविद्यालय के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर युवराज को अवार्ड प्रदान करते हुए फिल्म अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे। फोटो : हरिभूमि

## विधायक ने लक्षिता को किया सम्मानित



**झज्जर।** नेशनल गेम्स अंडर-20 की 400 मीटर रिले रेस में गोल्ड मेडल विजेता हरियाणा टीम का हिस्सा रही इस्सरहेड़ी गांव की बेटी लक्षिता मान को विधायक राजेश जून ने सम्मानित किया। विधायक राजेश जून ने नोटों की माला पहनाकर लक्षिता मान व उनके कोच का सम्मान करते हुए भविष्य में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते के लिए प्रेरित किया। जून ने कहा कि आज हमारी बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए सफलता का परचम लहरा रही हैं। लक्षिता मान ने भी हरियाणा की टीम में गोल्ड मेडल जीतकर गांव इस्सरहेड़ी व बहादुरगढ़ का नाम रोशन किया है।

**धर्म-कर्म** शहर के छोटूराम नगर में श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिन

# देवहूति-कपिल संवाद व ध्रुव चरित्र का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के छोटूराम नगर में पार्षद राजकुमारी हरिमोहन धाकरे द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन वृंदावान से आए पंडित कृपाशंकर जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को माता देवहूति व भगवान कपिल देव का संवाद सुनाया। साथ ही ध्रुव चरित्र कथा का वर्णन किया।

पंडित कृपाशंकर जी महाराज ने कथा के दूसरे दिन भक्त ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि एक बार उत्तानपाद सिंहासन पर बैठे हुए थे। ध्रुव भी खेलते हुए राजमहल में पहुंच गए। उस समय उनकी अवस्था 5 वर्ष की थी। उत्तम राजा उत्तनपाद की गोदी में बैठा हुआ था। ध्रुव जी भी राजा की गोदी में चढ़ने का प्रयास करने लगे। सुरुचि को अपने सौभाग्य का इतना अभिमान था कि उसने ध्रुव को डांटा कि अगर इस गोद में चढ़ना है तो पहले भगवान का भजन करके इस शरीर का त्यागकर और फिर मेरे गर्भ से जन्म लेकर मेरा पुत्र बन। तब तू इस गोद में बैठने का अधिकारी होगा।



बहादुरगढ़। कथा के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हरिमोहन धाकरे।

#### साधु व सत्संग का महत्व बताया

पंडित कृपाशंकर जी महाराज ने कहा कि आज के समय में बहुत से लोग साधु बनकर लोगों को धोखा देते हैं। इससे लोगों को सच्चे साधु तथा महापुरुषों से विश्वास उठ गया है। ऐसा नहीं है कि संसार में सच्चे साधु नहीं हैं। हमें साधु की पहचान होने चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत में वर्णित है कि सच्चा साधु हमेशा सहनशील, दयावान, क्षमाशील, दूसरे के दुख को देखकर दुखी होता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल नाम संकीर्तन करने से ही प्रभु से मिलन का रास्ता सुगम बनता है। श्रीमद्भागवत में स्पष्ट है कि ज्ञान का शत्रु है हिरण्याक्ष तथा ज्ञान के साक्षात अवतार है कपिल। नवधा भक्ति के बिना कपिल अर्थात ज्ञान नहीं आते। भक्ति ही ज्ञान में बदलती है तथा भक्ति के बाद ही ज्ञान आता है। महर्षि कर्दम व मां देवहूति के घर पुत्र के रूप में साक्षात भगवान का जन्म लेना इस बात द्योतक है कि संसारी लोग भी केवल शुद्ध भक्ति से भगवान का पुत्र के रूप में पा सकते हैं।